डीएवीवी के आईएमएस में को मिला जॉब, अधिकतम

अन्य विभागों में भी प्लेसमेंट की प्रक्रिया शुरू, यूनिवर्सिटी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) में पहली तिमाही अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर में ही 255 छात्रों को जॉब मिल गया है। खास बात यह है कि लगभग सभी प्रमुख ब्रांच के छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है। तीसरे सेमेस्टर के इन छात्रों को अगले साल चौथा सेमेस्टर पूरा करने के बाद जॉइनिंग मिलेगी। आईएमएस में बुधवार को भी प्लेसमेंट के लिए कंपनी पहुंची थी। प्रबंधन के अनुसार लंबे समय बाद यह स्थिति बनी है कि पहले ही दौर में अच्छे जॉब ऑफर आए हैं। औसत पैकेज चार से साढ़े चार लाख के बीच रहा, जबकि अधिकतम पैकेज साढ़े सात लाख रुपए तक रहा। इधर डीएवीवी के ही अन्य विभागों ने भी प्लेसमेंट प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभागों में अभी तक 350 से ज्यादा प्लेसमेंट हो चुके हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि पिछले साल के मुकाबले स्टार्टअप से जुड़ने वाले छात्रों की संख्या भी बढ़ी है।